**दिनांक 17-01-2023 को जनता कॉलेज बकेवर में टेली एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड और एसवीआईआईटी कंप्यूटर एजुकेशन के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया**

आज दिनांक 17-01-2023 को जनता कॉलेज बकेवर में टेली एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड और एसवीआईआईटी कंप्यूटर एजुकेशन के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी के निर्देशन और श्री गोपीनाथ मौर्या व श्री गजेंद्र सेंगर के सह संयोजन में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें टेली एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित यादव और टेली एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड का अधिकृत संस्थान एसबीआई आईटी कंप्यूटर एजुकेशन के निदेशक श्री अत्रि दीक्षित और चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री अश्विनी कुमार जी के द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया , सरस्वती जी के माल्यार्पण के उपरांत गोपीनाथ मौर्या ने लेखांकन एवं कराधान के क्षेत्र में अग्रणी संस्था टेली प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा संचालित होने वाली अनेक कौशल विकास संबंधी पाठ्यक्रम की वर्तमान परिवेश में उपयोगिता एवं उसमें उपलब्ध रोजगार के अवसरों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की , श्री अत्री दीक्षित ने वाणिज्य एवं प्रबंधन की विद्यार्थियों के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर टेली के रूप में उपलब्ध सेवायोजन से संबंधित पाठ्यक्रम की उपयोगिता और प्रशिक्षण उपरांत उनको रोजगार में भी नियोजित करने और उनके वार्षिक अनुमानित वेतन पैकेज के बारे में बताया इसी क्रम में टेली एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री अमित यादव ने टेली की विश्व पटल पर लेखांकन और कराधान के क्षेत्र में व्यापार और उद्योग में लेखांकन एवं जीएसटी के अनुरूप अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर के विभिन्न वर्जन को विस्तार से विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया इसके उपरांत कॉलेज के प्राचार्य डॉ त्रिपाठी ने वर्तमान परिवेश में और इस बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा के दौर में लेखांकन और उनका उनका कंप्यूटरीकरण की महत्ता पर विशेष जोर दिया आज प्रत्येक क्षेत्र में डिजिटलीकरण हो रहा है और इसी क्रम में शिक्षा उद्योग चिकित्सा इत्यादि के क्षेत्र में भी डिजिटलीकरण को अपनाया जा रहा है पारंपरिक लेखांकन और कराधान संबंधी लेखा प्रबंधन को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संपादित करने के लिए टेली एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं जिसमें छात्रों के द्वारा प्रतिभाग करके अपने कौशल संवर्धन और नए रोजगार के अवसरों का सृजन किया जा रहा है जिससे छात्र आत्मनिर्भर हो और देश के आर्थिक विकास में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम में पधारे चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री अश्विनी चौधरी ने विद्यार्थियों को वर्तमान परिवेश के अनुरूप विभिन्न लेखांकन सॉफ्टवेयर के बारे में जानकारी दी और उनका उनके सेवायोजन में योगदान को बताया ।
कार्यक्रम संयोजक श्री गोपी नाथ मौर्या द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। आज के इस कार्यक्रम में कृषि संकाय के अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार पाण्डेय, डॉ मनोज यादव, डॉ प्रकाश दुबे, डॉ एम पी सिंह , डॉ आनन्द सिंह, डॉ अभिषेक प्रताप सिंह, डॉ एस के सिंह चंदेल, श्री शिवमोहन अग्निहोत्री, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व सभी छात्र - छात्राएं इत्यादि उपस्थित रहे।




# जनता कालेज में टेली एजुकेशन व आईटी एजुकेशन पर हुई संगोष्ठी

**युवराज सिंह चौहान**

बकेवर (इटावा)। जनता कॉलेज बकेवर में टेली एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड और एसवीआईआईटी कंप्यूटर एजुकेशन के संयुक्त तत्वाधान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक गोपीनाथ मौर्या व गजेंद्र सेंगर के साथ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। गोष्ठी में पारंपरिक लेखांकन व कराधान सम्बन्धी लेखा प्रबंधन को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संपादन करने को बताया गया।

एक दिवसीय संगोष्ठी में टेली एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित यादव और टेली एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड का अधिकृत संस्थान एसबीआई आईटी कंप्यूटर एजुकेशन के निदेशक अत्रि दीक्षित और चार्टर्ड अकाउंटेंट अश्विनी कुमार के द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।




संगोष्ठी में वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक गोपीनाथ मौर्या ने लेखांकन एवं कराधान के क्षेत्र में अग्रणी संस्था टेली प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा संचालित होने वाली अनेक कौशल विकास संबंधी पाठ्यक्रम की वर्तमान परिवेश में उपयोगिता एवं उसमें उपलब्ध रोजगार के अवसरों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। अत्री दीक्षित ने वाणिज्य एवं प्रबंधन की विद्यार्थियों के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर टेली के रूप में उपलब्ध सेवायोजन से संबंधित पाठ्यक्रम की उपयोगिता और प्रशिक्षण उपरांत उनको रोजगार में भी नियोजित करने और उनके वार्षिक अनुमानित वेतन पैकेज के बारे में बताया। इसी क्रम में टेली एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित यादव ने टेली की विश्व पटल पर लेखांकन और कराधान के क्षेत्र में व्यापार और उद्योग में लेखांकन एवं जीएसटी के अनुरूप अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर के विभिन्न वर्जन को विस्तार से विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया इसके उपरांत कॉलेज के प्राचार्य डा. त्रिपाठी ने वर्तमान परिवेश में और इस बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा के दौर में लेखांकन और उनका उनका कंप्यूटरीकरण की महत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक क्षेत्र में डिजिटलीकरण हो रहा है और इसी क्रम में शिक्षा उद्योग चिकित्सा इत्यादि के क्षेत्र में भी डिजिटलीकरण को अपनाया जा रहा है पारंपरिक लेखांकन और कराधान संबंधी लेखा प्रबंधन को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संपादित करने के लिए टेली एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। जिसमें छात्रों के द्वारा प्रतिभाग करके अपने कौशल संवर्धन और नए रोजगार के अवसरों का सृजन किया जा रहा है। जिससे छात्र आत्मनिर्भर हो और देश के आर्थिक विकास में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम में पधारे चार्टर्ड अकाउंटेंट अश्विनी चौधरी ने विद्यार्थियों को वर्तमान परिवेश के अनुरूप विभिन्न लेखांकन सॉफ्टवेयर के बारे में जानकारी दी और उनका उनके सेवायोजन में योगदान को बताया। कार्यक्रम संयोजक गोपीनाथ मौर्या द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कृषि संकाय के अध्यक्ष डा. अशोक कुमार पाण्डेय, डा. मनोज यादव, डा. प्रकाश दुबे, डा. एमपी सिंह, डा. आनन्द सिंह, डा. अभिषेक प्रताप सिंह, डा. एसके सिंह चंदेल, शिवमोहन अग्निहोत्री, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व सभी छात्र-छात्राएं इत्यादि उपस्थित रहे।